# 12000 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले

## कोविड के दौरान बड़ी उपलब्धि, कारगर रहा निवेशकों से संवाद और हेल्पडेस्क का प्रयोग

अमर उजाला ब्यूरो

करीब 7000 करोड़ के विदेशी व 5000 करोड़ के घरेलू प्रस्ताव मिले

नोएडा, लखनऊ, मिर्जापुर, खीरी व चंदौली में निवेश की संभावना

**नए निवेश प्रस्ताव**

| देश | निवेश प्रस्ताव | निवेश राशि |
|---|---|---|
| कनाडा | 1 | 746 |
| जर्मनी | 3 | 25 |
| हांगकांग | 1 | 1000 |
| जापान | 9 | 2000 |
| सिंगापुर | 1 | 1500 |
| दक्षिण कोरिया | 2 | 110 |
| यूके | 3 | 1375 |
| अमेरिका | 4 | 200 |
| योग | 24 | 6846 |
| घरेलू | 31 | 5302 |
| कुल | 55 | 12148 |

(राशि करोड़ रुपये में)

**लखनऊ।** कोविड-19 महामारी के दौरान विदेशी निवेशकों से संवाद बढ़ाने व मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाने का प्रयोग सफल रहा है। इस दौरान आठ देशों से करीब 7000 करोड़ के नए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। घरेलू निवेशकों के नए प्रस्ताव को शामिल करें तो 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश की राह खुल रही है। इनमें से कई निवेश प्रस्तावों के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कोविड-19 महामारी के दौरान चीन से निवेश खत्म करने वाले निवेशकों को आकर्षित करने का विशेष अभियान शुरू कराया गया था। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना और एमएसएमई व निवेश प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कई देशों के निवेशकों, औद्योगिक संगठनों व राजदूतों से संवाद किया। प्रदेश की निवेश से जुड़ी नीतियों की जानकारी दी गई और बेहतर प्रोत्साहन व सहूलियतों का भरोसा दिया गया। निवेशकों की सुविधा के लिए कई देशों के लिए अलग-अलग हेल्पडेस्क बनाए गए। इस डेस्क ने निवेशकों की जिज्ञासा के समाधान व उन्हें निवेश के लिए तैयार करने में अच्छी भूमिका निभाई।

औद्योगिक विकास विभाग ने पिछले छह महीनों में किए गए प्रयासों से आए निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की कोशिश तेज की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जर्मनी, कनाडा, हांगकांग, इटली, जापान व स्वीडन सहित 10 देशों से 26 नए निवेश प्रस्ताव आए हैं। इनमें दो प्रस्ताव शुरुआती स्तर पर हैं। बाकी 24 निवेश प्रस्तावों से करीब 6846 करोड़ रुपये निवेश की उम्मीद है। इसी तरह घरेलू निवेशकों के करीब 31 नए प्रस्ताव आए हैं। इनमें आठ प्रस्तावों से करीब 5302 करोड़ रुपये निवेश का अनुमान है। ये निवेश प्रस्ताव इंजेक्शन मौल्डिंग सुविधा, अनाज भंडारण इकाई, फुटवियर मैनुफैक्चरिंग, यीस्ट व बेकरी प्रोसेसिंग प्लांट, इंटीग्रेटेड फूड प्रोसेसिंग प्लांट, सोल्जर वायर, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग, एथेनॉल प्लांट, स्टील व पावर प्लांट, इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट व एक्सपोर्ट, गीगास्केल डेटा सेंटर कैंपस की स्थापना जैसे प्रोजेक्ट पर प्रस्तावित हैं। ये निवेश प्रोजेक्ट ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, खीरी, मिर्जापुर, चंदौली के लिए प्रस्तावित हैं।